# JJ-1056

## B.A. (Part - II)

Term End Examination, 2019

## HINDI LITERATURE

Paper - I

## अर्वाचीन हिन्दी काव्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्धि, अस्वच्छता एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जायेंगे।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) सखि, वसंत आया।
भरा हर्ष वन के मन
नवोत्कर्ष छाया।
किसलय-वसना नव वय लतिका।
मिली मधुर प्रिय-उतर तरु-पतिका
मधुप-वृन्द बन्दी
पिक स्वर नभ सरसाया।

***अथवा***

सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त-प्रवाह हो,
गुण, शील, साहस, बल तथा सब में भरा उत्साह हो।
सबके हृदय में सर्वदा समवेदना की दाह हो।
हमको तुम्हारी चाह हो, तुमको हमारी चाह हो॥

(ख) फल सर्वश्रेष्ठ नायाब चीज
या तुम बांधकर रंगा धागा,
फल के भी उर का, कटु, त्यागा,
मेरा आलोचक एक बीज।

***अथवा***

कभी चौकड़ी भरते मृग से
भू पर चरण नहीं धरते,
मन्त्र मतंगज कभी घूमते
सजग शशक नभ को चलते।

(ग) तुम्हारी बांह में बल है जमाने का
तुम्हारी बोल में जादू जगत का है
कभी कुटिया निवासी बन जरा देखो
कि दलिया न्यौत्तता रमलू भगत का है।

***अथवा***

हे महाबुद्ध!
मैं मंदिर में आयी हूँ
रीते हाथ
फूल मैं ला न सकी।





**2.** मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्रीय कवि क्यों कहा जाता है? विवेचना कीजिए। 12

***अथवा***

सिद्ध कीजिए कि 'निराला' जिन्दगी भर समाज में व्याप्त बुराइयों से संघर्ष करते रहे?

**3.** सुमित्रानंदन पंत को प्रकृति का सुकुमार कवि क्यों कहा जाता है? 12

***अथवा***

'प्रयोगवाद के जनक' के रूप में 'अज्ञेय' की काव्यगत विशेषताओं का अंकन कीजिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(क) गुप्त जी के काव्य में खड़ी बोली

(ख) पंत और परिवर्तन कविता

(ग) निराला और मुक्त छंद

(घ) सुभद्राकुमारी चौहान की राष्ट्रीय भावना

(ङ) 'हरिऔध' और उनका प्रिय प्रवास

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(क) 'भारत-भारती' के रचनाकार का नाम बताइए।

(ख) 'निराला' का पूरा नाम लिखिए।

(ग) 'अज्ञेय' किस वाद के जनक माने जाते हैं?

(घ) जयद्रथ वध किसकी कृति है?

(ङ) पंत मूलतः किस वाद के कवि हैं?

(च) 'पुष्प की अभिलाषा' के कवि कौन हैं?

(छ) 'एक भारतीय आत्मा' के रूप में कौन से कवि प्रसिद्ध हैं?

(ज) 'हरी घास पर क्षण भर' किसकी रचना है?

(झ) प्रसिद्ध कृति 'शेखर एक जीवनी' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ञ) 'वैदेही वनवास' गद्य है या पद्य?

(ट) 'प्रिय प्रवास' महाकाव्य है या मुक्तक?

(ठ) 'झांसी की रानी' किसकी रचना है?

(ड) श्रीकांत वर्मा का जन्म छत्तीसगढ़ के किस शहर में हुआ था?

(ढ) 'माया-दर्पण' के कवि का नाम लिखिए।

(ण) 'साकेत' किसकी रचना है?

---

# JJ-1057

## B.A. (Part - II)

Term End Examination, 2019

## HINDI LITERATURE

Paper - II

हिन्दी निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्ध लेखन पर अंक काटे जायेंगे।

**1.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) गुरुजी, ऐसा तो संसार भर में कोई देश नहीं है। दो पैसा पास रहने से ही मजे से पेट भरता है। मैं तो इस नगर को छोड़कर नहीं जाऊँगा, और जगह दिन भर माँगो तो भी पेट नहीं भरता। बरंच बाजे-बाजे दिन उपवास करना पड़ता है। सो मैं तो यहीं रहूँगा।

***अथवा***

दण्ड कोप का ही एक विधान है। राजदण्ड राजकोप है और लोकाकोप धर्मकोप है। जहाँ राजकोप धर्मकोप से एकदम भिन्न दिखाई पड़े, वहाँ उसे राजकोप न समझकर राजकोप विशेष मनुष्य को कोप समझना चाहिए। ऐसा कोप,

राजकोष के महत्व और पवित्रता का अधिकारी नहीं हो सकता। उसका सम्मान जनता अपने लिए आवश्यक नहीं समझ सकती।

(ख) अमराई से जुड़ने का अर्थ होता है, बसन्त से जुड़ना, बसन्त की तैयारी से जुड़ना, जीवन की नवीकरण की प्रक्रिया से जुड़ना, शक्ति से सघन श्यामल प्रसार से जुड़ना, संगीत मातृका दूर्वादल-श्यामा महामातंगी से जुड़ना, पूर्णपातन, पल्लवन, कुसमन और फलन की समग्रता से जुड़ना, प्रकृति के एक ताल-वह समाज की समरस्वता से जुड़ना, मनुष्य के एकांत-विश्वास से जुड़ना और धरती उमंग की आकाश के स्वस्ति वाचन से जुड़ना।

***अथवा***

विज्ञान की अपेक्षा कवि का दृष्टिकोण अधिक मानवीय होता है। वैज्ञानिक मनुष्य को भी पत्थर, मेंढक और बन्दर की तुलना में रख उसे प्रकृति के धरातल पर ले जाता है और कवि प्रकृति का भी मानवीकरण कर उसे भाव-समन्वित बना देता है। काव्य में विज्ञान का सा सामान्यीकरण रहते हुए भी वैयक्तिकता और आनन्द की मात्रा अधिक रहती है।

(ग) ''अरे भाई, क्या जाति, क्या हार? यहाँ तो इसका भी सपने में भी ख्याल नहीं करते। हम तो ईमानदारी से जीना चाहते हैं। मैं फिर कहता हूँ, जीवन एक कला है और सबसे बड़ी कला है।''

***अथवा***





''खूब जानते हैं हमारी पोजीशन! जिस -दिन तुमने मुझे यहाँ ला बसा दिया, उसी वक्त हमारी पोजीशन जाहिर हो गई। सारी आदतें बच्चों की खराब हो गयी। गन्दगी पसन्द हो गए बच्चे। सदा रोनी सूरतें बनाकर घूमने लगे। पढ़ने-लिखने से जी चुराने लगे।''

2. 'अंधेर नगरी' में व्याप्त समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालिए। 12

***अथवा***

'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

3. हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबन्ध 'बसन्त आ गया है', का सारांश लिखिए। 12

***अथवा***

'स्ट्राइक' अपने समय से आगे की एकांकी है। इस कथन को समझाइए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(क) महादेवी वर्मा की भाषा शैली

(ख) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी का जीवन परिचय

(ग) हबीब तनवीर की साहित्यिक विशेषताएँ

(घ) 'मम्मी ठकुराइन' का उद्देश्य

(ङ) 'एक दिन' एकांकी की कथावस्तु

(च) राहुल सांकृत्यायन का साहित्य

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 15

(क) 'अन्धेर नगरी' के लेखक कौन हैं ?

(ख) अमराई कब खिलती है ?

(ग) हबीब तनवीर का जन्म कहाँ हुआ था ?

(घ) 'मम्मी ठकुराइन' एकांकी के एकांकीकार का नाम बताइए।

(ङ) भारत के नाट्यशास्त्रियों ने नाटकों के कितने तत्व स्वीकार किए हैं ?

(च) 'क्रोध' नामक निबंध के लेखक का नाम लिखिए।

(छ) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का कौन–सा निबन्ध पाठ्यक्रम में है ?

(ज) हरिशंकर परसाई की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(झ) राजनाथ किस एकांकी का पुरुष पात्र है ?

(ञ) राहुल सांकृत्यायन के बचपन का नाम क्या था ?

(ट) महादेवी वर्मा की प्रसिद्ध एक रचना का नाम लिखिए।

(ठ) 'शीला' किस एकांकी की नायिका पात्र है ?

(ड) 'स्ट्राइक' एकांकी में किस समाज का चित्रण है ?

(ढ) डॉ० विद्यानिवास मिश्र का कौन सा निबन्ध पाठ्यक्रम में संकलित है ?

(ण) आधुनिक मीरा किसे कहा जाता है ?

(त) हबीब तनवीर के पहले नाटक का क्या नाम है ?

(थ) 'बेईमानी की परत' व्यंग्य लेख के रचनाकार का नाम लिखिए।

———